महादेव आरती

हर हर हर महादेव!!

सत्य, सनातन, सुन्दर, शिव! सबके स्वामी।
अविकारी, अविनाशी, अज, अन्तर्यामी॥

हर हर हर महादेव!!

आदि, अनन्त, अनामय, अकल, कलाधारी।
अमल, अरूप, अगोचर, अविचल, अघहारी॥

हर हर हर महादेव!!

ब्रह्मा, विष्णु, महेश्वर, तुम त्रिमूर्तिधारी।
कर्ता, भर्ता, धर्ता तुम ही संहारी॥

हर हर हर महादेव!!

रक्षक, भक्षक, प्रेरक, प्रिय, औघरदानी।
साक्षी, परम अकर्ता, कर्ता, अभिमानी॥

हर हर हर महादेव!!

मणिमय-भवन निवासी, अतिभोगी, रागी।
सदा श्मशान विहारी, योगी वैरागी॥

हर हर हर महादेव!!

छाल-कपाल, गरल-गल, मुण्डमाल, व्याली।
चिताभस्म तन, त्रिनयन, अयनमहाकाली॥

हर हर हर महादेव!!

प्रेत पिशाच सुसेवित, पीतजटाधारी।
विवसन विकट रूपधर रुद्र प्रलयकारी॥

हर हर हर महादेव!!

शुभ्र-सौम्य, सुरसरिधर, शशिधर, सुखकारी।
अतिकमनीय, शान्तिकर, शिवमुनि-मनहारी॥

हर हर हर महादेव!!

निर्गुण, सगुण, निरंजन, जगमय, नित्य-प्रभो।
कालरूप केवल हर! कालातीत विभो॥

हर हर हर महादेव!!

सत्, चित्, आनंद, रसमय, करुणामय धाता।
प्रेम सुधा निधि, प्रियतम, अखिल विश्व त्राता॥

हर हर हर महादेव!!

हम अतिदीन, दयामय! चरण-शरण दीजै।
सब बिधि निर्मल मति कर अपना कर लीजै॥

हर हर हर महादेव!!

1

---

[1] सौजन्य से:

धर्मयात्रा (DharmYaatra)

वेबसाइट: https://dharmyaatra.in/

व्हाट्सऐप नंबर: +917410957600

नोट: यदि आप वैदिक ज्ञान 🔱, धार्मिक कथाएं 🕉️, मंदिर व ऐतिहासिक स्थल 🛕, भारतीय इतिहास, शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य 🧠, योग व प्राणायाम 🧘‍♂️, घरेलू नुस्खे 🥥, धर्म समाचार 📰, शिक्षा व सुविचार 👣, पर्व व उत्सव 🪔, राशिफल 🌌 तथा सनातन धर्म की अन्य धर्म शाखाएं ☸️ (जैन, बौद्ध व सिख) इत्यादि विषयों के बारे में प्रतिदिन कुछ ना कुछ जानना चाहते हैं तो आपको धर्मयात्रा संस्था के विभिन्न सोशल मीडिया खातों से जुड़ना चाहिए। उनके लिंक हैं:

व्हाट्सएप ग्रुप   व्हाट्सएप चैनल

फेसबुक पेज   इंस्टाग्राम प्रोफाइल